**जयवर्द्धन सिंह**
विधायक, राघौगढ़

भोपाल, दिनांक 22.12.2022

जावक क्रमांक 357/22

प्रति,

माननीय मुख्यमंत्री जी,
म.प्र.शासन,
भोपाल

विषय :– आयुष्मान योजना अन्तर्गत सदन में दिये गये गलत जबाव एवं तथ्यों के संबंध में सी.बी. आई. जांच कराने बाबत।

— 0 —

मेरे द्वारा म.प्र.विधानसभा द्वारा आहुत सत्र दिसम्बर 2022 में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से आयुष्मान योजना के अन्तर्गत प्रश्न क्रमांक 983 लगाकर जानकारी चाही गई थी। विभाग के माननीय मंत्री ने लिखित जबाव सदन में दिनांक 20/12/2022 को प्रस्तुत किया है। उक्त जानकारी का अवलोकन करने के पश्चात् मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विभाग ने सदन में जो आंकड़े एवं जानकारी प्रस्तुत की है वह आयुष्मान विभाग के पोर्टल पर कुछ ओर है तथा सदन में कुछ ओर है। दोनों जानकारी सही नहीं हो सकती है। विभाग के विरोधाभासी, मनगढ़त, झूठे उत्तर को सदन में प्रस्तुत करने पर घोर आपत्ति तथा विभाग के वरिष्ठ एवं सम्माननीय मंत्री से स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ो की उम्मीद सहीं, सटीक तथा सारगर्भित होने की आकांक्षाओं के विपरीत दी जाने पर आश्चर्य व्यक्त करता हूँ वो भी जब माननीय मंत्री जी स्वंय डॉक्टर है।

मेरे द्वारा प्रश्नांश (क) में जो जानकारी चाही गई थी, उसके उत्तर में माननीय मंत्री ने प्रदेश में कुल 506 आयुष्मान योजना के चिकित्सालयों की जानकारी उपलब्ध कराई है एवं भोपाल जिले में माननीय मंत्री जी ने 114 आयुष्मान योजना के चिकित्सालयों की जानकारी दी है, जबकि आयुष्मान विभाग के पोर्टल पर केवल भोपाल जिले में लगभग 213 आयुष्मान चिकित्सालय दर्शित हो रहे है, जो कि आयुष्मान से संबंधित बीमारियों के लिये सक्रिय है एवं विस्तृत जानकारी हेतु निम्न उदाहरण प्रस्तुत है :–

| चिकित्सालय का प्रकार | विधानसभा में मा.स्वास्थ्य मंत्री जी ने सदन में प्रस्तुत जानकारी का आंकड़ा | आयुष्मान पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी मय लिंक | |
|---|---|---|---|
| 1. पब्लिक | 02 | 14 | |
| 2. प्राईवेट (नोट फॉर प्रोफिट) | 03 | 22 | |
| 3. प्राईवेट (फॉर प्रोफिट) | 109 | 177 | |
| **कुल योग** | **114** | **213** | |

1. पब्लिक चिकित्सालय :– इसके अन्तर्गत भोपाल जिले में भोपाल में हमीदिया, कमला नेहरू, जयप्रकाश, शा. शाकिर अली, जवाहर लाल नेहरू गैस राहत, इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय

**जयवर्द्धन सिंह**
**विधायक, राघौगढ़**



गैस राहत, कम्यूनिटी हेल्थ सेन्टर (HOSP23G08131), सी.एच.सी.बैरसिया, कम्यूनिटी हेल्थ सेन्टर कोलार, सी.एच.बैरागढ़, एम्स भोपाल, शा.मास्टर लाल सिंह गैस राहत, डॉ.के.एन.के.शासकीय चिकित्साल, भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, आयुष्मान पोर्टल पर दशाई गई है, आयुष्मान पोर्टल का लिंक https://hospitals.pmjay.gov.in/Search/empnlWorkFlow.htm पर देख सकते है। माननीय मुख्यमंत्री आप माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से उक्त विरोधाभास के लिये क्या जबाव प्रस्तुत करने का उल्लेख कर, मुझ अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता को सही जानकारी उपलब्ध कराने तथा गलत जानकारी के लिये संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

2. प्राईवेट (नोट फॉर प्रोफिट) :– माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने अपने सदन में दिये गये उत्तर में प्राईवेट नोट फॉर प्राफिट केटेगरी में जानकारी निरंक दी गई है जबकि इनके द्वारा प्राईवेट चिकित्सालयों की जानकारी दी गई है उनमें से तीन चिकित्सालय ऐसे है जो कि प्राईवेट नोट फॉर प्रोफिट में आयुष्मान के पोर्टल पर दशाये गये है वे निम्न है 1. राजदीप इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, 2 यूनिक हॉस्पिटल 3. आयुष्मान हाईटेक चिकित्सालय। माननीय मुख्यमंत्री जी माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से यह जानकारी प्राप्त करें कि एक ही चिकित्सालय दो केटेगरी में कैसे आयुष्मान योजना के अन्तर्गल चिकित्सा सुविधा प्रदान कर सकते है ? जबकि आपके द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत की गई जानकारी में यह तीनों चिकित्सालय प्राईवेट बताये गये है जबकि आयुष्मान पर यह तीनों प्राईवेट नोट फॉर प्रोफिट दशाये गये है एवं पोर्टल पर प्राईवेट नोट फॉर प्रोफिट के अन्तर्गत 22 चिकित्सालय जिला भोपाल में दर्ज है। जिला भोपाल अन्तर्गत प्राईवेट नोट फॉर प्रोफिट अन्तर्गत दर्ज चिकित्सालयों की जानकारी आयुष्मान पोर्टल के अनुसार इस प्रकार है :– जेके हॉस्पिटल, जवाहर लाल नेहरू कैंसर, पिपुल्स हॉस्पिटल भानपुर, चिरायु मेडिकल कॉलेज, कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस, सेवा सदन आई हॉस्पिटल, राजदीप इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, यूनिक हॉस्पिटल, प्रभु प्रेम नेत्रालय एवं जनरल हॉस्पिटल, संत हिरदाराम योगा हॉस्पिटल, सिल्वर लाईन हास्पिटल एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, एलएन मेडिकल कॉलेज एण्ड जेके हॉस्पिटल, सेवा सदन आई हास्पिटल एण्ड ट्रस्ट (HOSP23P127808), कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांईस, जवाहर लाल नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, सिद्वांता रेडक्रास सुपर स्पेसलिटी हॉस्पिटल, चिरायु चैरिटेबल फाउण्डेशन, पिपुल्स हॉस्पिटल भानपुर, गायत्री मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, आयुष्मान हाईटेक हॉस्पिटल, महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, एमकेएम स्टोन एण्ड यूरोलॉजी हॉस्पिटल।

3. प्राईवेट फॉर प्रोफिट :– माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने आपने सदन में दिये गये उत्तर में प्राईवेट फॉर प्राफिट केटेगरी में जानकारी 109 भोपाल में दी गई है, जबकि आयुष्मान पोर्टल पर 177 भोपाल में दशाई गई है। आयुष्मान पोर्टल पर जानकारी उपलब्ध का लिंक https://hospitals.pmjay.gov.in/Search/empnlWorkFlow.htm पर है।

माननीय मुख्यमंत्री जी मा. स्वास्थ्य मंत्री जी ने प्रश्नांश "क" के उत्तर में ही वो भी केवल भोपाल जिले की जानकारी अपूर्ण, असत्य, भ्रामक, गलत सदन में देकर मान. सदन एवं मा.सदस्य दोनों की अवमानना की है।

प्रश्न क्र. 983 के प्रश्नांश "ख" में अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता ने मा.स्वास्थ्य मंत्री जी ने निम्न जानकारी चाही थी

**"प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में कितने मरीजों ने कुल कितनी राशि का उपचार चिकित्सालयों में प्राप्त किया। बीमारी का नाम, आयुष्मान योजना से व्यय राशि सहित संपूर्ण जानकारी, जिलेवार बताये"** चाही गई थी

डी-21, चार इमली, भोपाल ( म.प्र. ) - 462016. फोन : 0755-3576267

जयवर्द्धन सिंह
विधायक, राघौगढ़



जबकि मान.स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा उत्तर में केवल जिले के मरीजों की संख्या और जिलेवार इलाज के लिये प्रदान की गई राशि का जिक्र किया गया है, जो कि अधूरी जानकारी है। मा. मुख्यमंत्री जी मा.स्वास्थ्य मंत्री जी से प्रत्येक चिकित्सालयों को प्रदान की गई राशि मरीज सहित जिलेवार संपूर्ण जानकारी चाही गई थी। मैं यह भी संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि आयुष्मान योजना का संपूर्ण डाटा ऑनलाईन वर्किंग में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी ऑफलाईन अथवा मैन्यूअल संधारित नहीं की जा रही है, फिर भी इस महाघोटालों को छुपाने का प्रयास प्रतीत हो रहा है, मा. स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा सदन में दिये गये उत्तर में ?

मा.मुख्यमंत्री जी मा. स्वास्थ्य मंत्री ने प्रश्न क्र. 983 के प्रश्नांश "ग" में सदन में दिये गये उत्तर में चाही गई जानकारी अधूरी है, क्योंकि चाही गई जानकारी में चिकित्सालयों के नाम, कब और क्या कार्यवाही पृथक–पृथक अद्यतन स्थिति में मांगी गई थी, जबकि उत्तर में चिकित्सालया का नाम और एक लाईन में कार्यवाही लिखी गई है, जो कि अधूरी है।

**जबकि संपूर्ण मध्यप्रदेश में माननीय मंत्री द्वारा दी जानकारी अनुसार 154 निलंबन चिकित्सालय दर्शाये गये है, जबकि आयुष्मान के पोर्टल पर 318 चिकित्सालय निलंबन दर्शाये गये है, इसमें 10 जिलों के चिकित्सालयों के निलंबन संबंधी रिकार्ड पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है।**

मा.स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में **सक्रिय आयुष्मान चिकित्सालयों की संख्या 506 दशाई गई है,** जबकि विधानसभा के सदन में दिये गये उत्तर में **निलंबन, कारण बताओं नोटिस, एफआईआर** चिकित्सालयों की संख्या 154 दशाई गई, **जबकि ठीक इसके विपरीत आयुष्मान पोर्टल पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में 318 चिकित्सालय निलंबित दर्शाये गये है, जिसमें 10 जिलों के चिकित्सालयों का रिकार्ड पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है,** इस हिसाब से अगर विधानसभा में दी गई जानकारी के सक्रिय आयुष्मान चिकित्सालयों की संख्या हम 506 मानते है तो पोर्टल के हिसाब से निंलबित चिकित्सालयों की संख्या 318 दशाई गई है। इस हिसाब से संपूर्ण मध्यप्रदेश में केवल 188 आयुष्मान चित्सिालय सक्रिय है तो मा.मुख्यमंत्री जी, मान. स्वास्थ्य मंत्री जी संपूर्ण मध्यप्रदेश में 506 सक्रिय आयुष्मान चिकित्सालय बता रहे है ? यह जनता एवं मा सदन की अवमानना है तथा निजी चिकित्सालयों को यहां निलंबन दर्शाकर प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से आयुष्मान फंड का लाभ दिया जा रहा है।

*उदाहरण हेतु भोपाल जिले में ए.बी.एम. चिकित्सालय भोपाल को अर्थदण्ड अधिरोपण तथा जनरल मेडिसिन विषय विशेषज्ञता असंबद्व किया गया है। ऐसी जानकारी माननीय मंत्री जी द्वारा दी गई है। जबकि ठीक इसके विपरीत आयुष्मान पोर्टल पर ए.बी.एम.हॉस्पिटल भोपाल को प्राईवेट फॉर प्राफिट केटेगिरी में टेबल क्रमांक 174 पर एम1 – जनरल मेडिसिन में सक्रियता का लाभ दिया जा रहा है।*

जब भोपाल जिले में ही इस तरीके से भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा निर्मित हो रही है तो संपूर्ण प्रदेश की जांच करने पर यह आयुष्मान योजना महाघोटाले की योजना सिद्व होगी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी विधानसभा की जानकारी एवं वेवसाईट की जानकारी समान होना चाहिये, जो कि बिल्कुल भी नहीं है। सीधे तौर पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जनता एवं सदन को गुमराह किया गया है। तो यह स्पष्ट करने की कृपा करें कि यह असत्य जानकारी कैसे प्रदान की गई है ? उन सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों/जनप्रतिनिधियों पर कार्यवाही होनी चाहिये, क्योंकि यह सदन की अवमानना का विषय है।

माननीय मुख्यमंत्री जी मेरा आपसे अनुरोध है कि संपूर्ण तथ्यों का परीक्षण कराकर मेरे द्वारा उपलब्ध जानकारी के आधार पर संपूर्ण महाघोटाले की जांच सी.बी.आई.को सौंपने की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप आयुष्मान योजना को लाभ प्रदेश के निवासियों को प्राप्त हो इस हेतु त्वरित कार्यवाही जैसा की प्रदेश की जनता के प्रति आपकी सक्रियता को दर्शाता है उसके अनुरूप कार्यवाही

फोन : 0755-3576267

जयवर्द्धन सिंह
विधायक, राघौगढ़



सुनिश्चित करायेंगे, ऐसी मुझे आपसे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है। आपका प्रयास प्रदेश का विकास तथा प्रदेश की जनता का विश्वास के साथ प्रदेश की जनता सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाके भावों को चरितार्थ करने का होगा ऐसी ही मेरी आशा तथा विश्वास है।

"सादर"

भवदीय

(जयवर्द्धन सिंह)

डी-21, चार इमली, भोपाल ( म.प्र. ) - 462016. फोन : 0755-3576267

Ayushman Bharat × HEM Empanelled Hospitals × Login | Am I Eligible × Downloads ×

hospitals.pmjay.gov.in/Search/empnlWorkFlow.htm

Gmail YouTube Maps News Translate

national health authority

CHECK ELIGIBILITY | FIND HOSPITALS | VIEW MAP

Welcome to Ayushman Bharat | Search for Empanelled Hospitals here!

Suspended Hospitals List

## Hospitals Search

State: MADHYA PRADESH

District: BHOPAL

Hospital Type: Public

Speciality: ---select---

Hospital Name: ---select---

Empanelment Type: ---select---

1xbq67 Enter Captcha

( Please enter visible characters in the text box )

SEARCH RESET




Displaying 10 Total no of records: 14 Export To Excel

1 2

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Ayushman Bharat | HEM Empanelled Hospitals | Login | Am I Eligible | Downloads

hospitals.pmjay.gov.in/Search/empnlWorkFlow.htm

Gmail YouTube Maps News Translate

CHECK ELIGIBILITY | FIND HOSPITALS | VIEW MAP

Welcome to Ayushman Bharat | Search for Empanelled Hospitals her

Suspended Hospitals List

## Hospitals Search

State: MADHYA PRADESH

District: BHOPAL

Hospital Type: Private(For Profit)

Speciality: ---select---

Hospital Name: ---select---

Empanelment Type: ---select---

1p357z

Enter Captc

( Please enter visible characters in the text box )

SEARCH RESET




1 2 3 4 5 6 7 8 9 Next

Displaying 10 Total no of records: 177 Export To Excel

Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

PM-JAY

national health authority

CHECK ELIGIBILITY | FIND HOSPITALS | VIEW MAP

Welcome to Ayushman Bharat | Search for Empanelled Hospitals here!

Suspended Hospitals List

## Hospitals Search

State: MADHYA PRADESH

District: BHOPAL

Hospital Type: Private(Not For Profit)

Speciality: ---select---

Hospital Name: ---select---

Empanelment Type: ---select---

1r3v10

Enter Captcha

( Please enter visible characters in the text box )

SEARCH RESET




Displaying 2 Total no of records: 22 Export To Excel

1 2 3